- पिछली बार से हमने गणित विषय की री–चैकिंग व्यवस्था प्रारंभ की थी, इससे पूर्व केवल री–टोटलिंग की व्यवस्था थी।
- इस बार से हम दो अन्य विषयों विज्ञान व अंग्रेजी में भी री–चैकिंग व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। इससे विद्यार्थी अपने परिणाम पर अधिक भरोसा कर सकेंगे। पारदर्शिता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

साल में दो बार बोर्ड परीक्षाः

- आगामी सत्र से विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इससे विद्यार्थियों का मानसिक तनाव कम होगा और सुधार का मौका मिलेगा।

पाठ्यपुस्तक वितरण एवं यूनिफॉर्म हेतु राशि की सीधे खाते में DBT

- हर बच्चे तक किताबें समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया गया है, मार्च माह में ही समस्त विद्यालयों तक किताबें पहुंचाने के निर्देश पूर्व में ही प्रदान कर दिये गये है।
- यूनिफॉर्म के लिए राशि सीधे डी.बी.टी के माध्यम से खातो में भेजी जा रही है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और समय पर संसाधन मिल रहे है।

मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण एवं अनुशासन

- शिक्षक के कालांश के दौरान शिक्षण के समय मोबाईल फोन के उपयोग पर सख्ती की गई है। विद्यालयों में मोबाईल के अनावश्यक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।
- शिक्षक हमारे शिक्षा तंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं। उनकी उपस्थिति, अनुशासन और जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा रही है। लेकिन साथ ही उनका सम्मान और सहयोग भी हमारी प्राथमिकता है।

Scanned with OKEN Scanner